O. P. JINDAL SCHOOL, RAIGARH (CG) 496 001, INDIA

Phone: 07762-227042, 299255, JSP ICM No. 49802, 49809; website: https://www.opjsrgh.in; e-mail: opjs.raigarh@jindalsteel.com

PRACTICE PAPER (PT-4) 2023-24

Subject- Hindi **Class - V**

Time- 180 Minutes **MM – 80**

Name of the student ________________________________ **Section -**

प्रश्न 1-नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर का चयन करें।

हम कागज़ का प्रयोग लिखने और छपाई के लिए करते हैं कभी आपने सोचा है कि कागज़ हमें कैसे मिलता है आमतौर पर कागज़ लकड़ी की लुगदी से बनाया जाता है। इसके अलावा बस और घास से भी कागज़ बनता है। पहले जब कागज़ नहीं था तब पेड़ की छाल और पत्तों पर लिखा जाता था। आज बाज़ार में कई रंगों में कागज़ उपलब्ध है लेकिन लिखने के लिए अधिकतर सफेद कागज़ का इस्तेमाल किया जाता है ।कागज़ बहुत उपयोगी है इसे बाहर बर्बाद नहीं करना चाहिए यदि हम कागज़ का उपयोग समझदारी से नहीं करेंगे तो अधिक मात्रा में कागज़ बनाना होगा । इसके लिए अधिक पेड़ काटने होंगे जिससे पर्यावरण पर संकट आ जाएगा –

(क) कागज़ का उपयोग हम किसलिए करते हैं?

1. रंगने के लिए
2. धुलाई के लिए
3. लिखने और छपाई के लिए

(ख) जब कागज़ नहीं था तब लिखा जाता था-

1. धरती पर
2. पानी पर
3. पेड़ की छाल और पत्तों पर

(ग) कागज़ बनाया जाता है –

1. लकड़ी की लुगदी से
2. पेड़ की पत्तियों से
3. प्लास्टिक से

(घ) 'पत्ता' शब्दकाबहुवचनहोगा –

1.पत्ते

2.पत्ता

3.पत्तियाँ

प्रश्न 2-नीचे दी गए अपठित पद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर का चयन करें-

इस समाधि में छिपी हुई है, एक राखकीढेरी
जलकर जिसने स्वतंत्रता की, दिव्य आरती फेरी।
यह समाधि यह लघु समाधि है, झांसी की रानी की,
अंतिम लीला स्थली यही है लक्ष्मी मर्दानी की,
बढ़ जाता है मानवीर कारण में बलि होने से,
मूल्यवती होती सोने की , भस्म तथा सोनेसे।

(क) झाँसी की रानी का पूरा नाम था–

1. लक्ष्मीबाई
2. लक्ष्मी मर्दानी
3. लक्ष्मी रानी

(ख) युद्ध में बलिदान होने से होता है?
1. वीरगति प्राप्त होती है
2. वीर का मान बढ़ता है
3. सब खुश होते हैं
(ग) सोने से अधिक मूल्यवान होता है –
1. हीरा
2. पुखराज
3. सोने की भस्म

प्रश्न 3-रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

1 दादी तो शोर के मारे.............. पिघलाए दे रही हैं।

2 कोको 8 साल का.......... लड़का था।

3 शिकारी .... चला रहे थे।

4 दशरथ का...............(............) श्रवण को जा लगा।

5 .... कितना हरा भरा मैदान है। (उचित विस्मयादिबोधक शब्द)

प्रश्न 4 -दिए गए वाक्यों में सही वाक्य के सामने सही (✓) एवं गलत वाक्य के सामने (×) का निशान लगाइए-

1. मुहावरे वाक्यांश होते हैं। ()
2. विराम प्रकट करने के लिए प्रश्नवाचक चिन्ह का प्रयोग किया जाता है। ( )
3. बिशन तीतर को छोड़कर चला गया। ( )
4. जल- चक्र प्रकृति का नियम है। ( )
5. जवाहरलाल कमर में कपड़े लपेटकर चलने को तैयार हो गए। ( )

प्रश्न 5-प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में दीजिए-

1 जवाहरलाल अपने चचेरे भाई के साथ कहाँ घूमने निकले थे?.........

2 धरती किस चीज की बनी एक विशाल गुल्लक है?...........

3बिशनकी उम्र थी।..........

4.ग्वालिन सिर पर क्या लिए जा रही थी?.........

5.अब्बा अपने दोस्तों के बीच बैठे सुन रहे थे।..........

प्रश्न 6-किसने किसे कहा?

1. "यह मत कहना कि तुम भूल गए थे। परीक्षा के बारे में रेडियो पर खास सूचना आने वाली है।"
2. "कितना हरीरा पिएँगी आप...... पेट फट जाएगा।"
3. "कौन हो तुम? यहाँ किस लिए आए हो?"

प्रश्न7-सही जोड़ी मिलाइए-

1.अब्बाकखाइयाँ
2.चावलख गज़ल
3. अंधेरग रोटियाँ
4. गहरीघ नगरी

प्रश्न 8-सही विकल्प का चयन कीजिए-

1. भाईजान दोस्तों के साथ देखने जा रहे थे-
   कनाटक। ख फिल्म
   ग सर्कस। घ घर
2. मिमि पापड़ लाई थी –
   क चार ख दो

ग पाँच घ तीन

3. दीवार गिरने का वास्तविक कारण था-

   क मंत्री ख बारिश

   ग संतरी घ भूकंप

4. धरती के गुल्लक में क्या है?

   क पानी ख मिट्टी

   ग रसघ ईंट

प्रश्न 9-निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलकर दुबारा लिखिए-

1. जतिन शिक्षिका से पूछ रहा है।(भूतकाल)
2. शुभम समय पर स्टेशन पहुँच जाएगा। (वर्तमान काल)

प्रश्न10-दिए गए विस्मयादिबोधकशब्दों से वाक्य बनाइए-

(क) हाय! (ख) अरे!

प्रश्न 11-निम्नलिखितशब्दोंके दो-दो अर्थ लिखिए-

(क) कर (ख) अक्षर

प्रश्न 12-निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए-

(क) कान भरना

(ख) अगर मगर करना

प्रश्न 13-अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके दुबारा लिखिए-

क क्या तुमने बाजार जाना है?

ख उसको पेट में दर्द हो रहा है।

प्रश्न 14-अशुद्ध शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए-

कपत्ति ख वायू

प्रश्न 15 दिए गए विराम चिन्हो के नाम लिखिए-

क (०) ख (;)

प्रश्न 16-निम्नलिखित धातुओं से क्रिया शब्द बनाकर उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए-

(क) रख (ख) ले

प्रश्न 17–'बादशाहत' क्या होती है कौन एक दिन का असली 'बादशाह' बन गया था?

प्रश्न 18-संवाद किसे कहते हैं?

प्रश्न 19-गुरु और चेला पाठ से क्या शिक्षा मिलती है?

प्रश्न 20-'बिशन की दिलेरी' भारत के किस भौगोलिक क्षेत्र की कहानी होगी और वहाँ पर सीढ़ीनुमा खेती क्यों की जाती होगी?

प्रश्न 21-बड़ी संख्या में इमारतें बनने से बाढ़ और काल का खतरा कैसे पैदा होता है?

प्रश्न 22-जवाहरलाल किशन और कुली सभी रस्सी से क्यों बँधे थे? उन्हें अमरनाथ तक का सफर अधूरा क्यों छोड़ना पड़ा?

प्रश्न 23-पत्र लेखन

अपनेमित्रको अपनी बहन की शादी में आने का निमंत्रण देते हुए पत्र लिखिए।

या

किसी कारणवश आपगृहकार्य नहीं कर पाए क्षमा माँगते हुए अपनी कक्षा अध्यापिका को पत्र लिखिए।

प्रश्न 24-किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए।

1. एक दिन मैंने एक सपना देखा
2. वृक्षों की उपयोगिता
3. जब हम पिकनिक गए